This question paper contains **3** printed pages]

# JO—187—2023

## FACULTY OF ARTS

**M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION**

**NOVEMBER/DECEMBER, 2023**

**(New/CBCS Pattern)**

HINDI

Paper–XIII

(आधुनिक कविता भाग-2)

**(Saturday, 09-12-2023)** **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

*Time*—3 *Hours* *Maximum Marks*—75

***N.L.*** :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गए हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

(अ) तेजस्वी सम्मान खोजते नहीं गोत्र बतलाके,
पाते हैं जग से प्रशस्ति अपना करतब दिखलाके।
हीन मूल की ओर देख जग गलत कहे या ठीक,
वीर खींचकर ही रहते हैं इतिहासों में लीक। 10

**अथवा**

"आत्मचेतस किन्तु इस
व्यक्तित्व में थी प्राणमय अनबन.....
विश्वचेतस बे-बनाव!!
महत्ता के चरण में था
विषादाकुल मन! "

P.T.O.

FA017F073DB104FA8D46A5C89E0E5506

(आ) "मानव का रचा हुआ सूरज 10

मानव को भाप बनाकर सोख गया।

पत्थर पर लिखी हुई यह

जली हुई छाया

मानव की साखी है।"

**अथवा**

"साँप!

तुम सभ्य तो हुए नहीं

नगर में बसना

भी तुम्हें नहीं आया।

एक बात पूछूँ.....(उत्तर दोगे?)

तब कैसे सीखा डँसना.....

विष कहाँ से पाया।"

2. 'रश्मिरथी' महाकाव्य के आधार पर कर्ण के चरित्र को स्पष्ट कीजिए। 20

**अथवा**

'रोटी और संसद' कविता की मूल संवेदना को विशद कीजिए।

3. टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) रश्मिरथी की भाषा। 10

**अथवा**

ब्रह्मराक्षस की प्रतीकात्मकता।

(आ) 'नदी के द्वीप' का आशय। 10

**अथवा**

'मोचीराम' कविता में आम आदमी।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग पंद्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए : 5

(*i*) त्रिलोचन का जीवन परिचय दीजिए।

(*ii*) भवानीप्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताएँ बताइए।

(*iii*) रघुवीर सहाय के काव्यगत योगदान स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) हरिवंशराय बच्चन का साहित्यिक परिचय बताइए।

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5

(*i*) रघुवीर सहाय का जन्म किस वर्ष हुआ?

(*ii*) हरिवंशराय बच्चन की दूसरी पत्नी का नाम बताइए।

(*iii*) कारगिल युद्ध पर किसने कविता लिखी है?

(*iv*) गीत फरोश किसकी प्रसिद्ध रचना है?

(*v*) 'धरती' किस विधा की रचना है?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 5

(*i*) 'सीढ़ियों पर धूप में'..................................................की कविता है।

(*ii*) त्रिलोचन का जन्म ..................................................को हुआ।

(*iii*) हरिवंशराय बच्चन की....................................रचना को साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(*iv*) भवानीप्रसाद मिश्र का जन्म..............................................गाँव में हुआ।

(*v*) देशभक्ति पर......................................का अधिकतर काव्य लेखन है।



FA017F073DB104FA8D46A5C89E0E5506